हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 सितंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 मप्र ले जा रही 70 बोरी यूरिया जब्त, कालाबाजारी...



07 बिजली समस्या को लेकर आदिवासियों ने किया हाईवे...



## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त होने पर हुआ सम्मान समारोह

**सागर।** नगर निगम के कार्यपालन यंत्री विजय दुबे एवं सफाई संरक्षक विजय महरोलिया के सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम सभाकक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों का नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, नगर निगम कर्मचारी संघ के संरक्षक माधव प्रसाद कटारे एवं धमेंद्र बंटू बोहरे, नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक एवं सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम, नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत ने कहा कि कोई भी अधिकारी कर्मचारी जीवन भर नगर निगम की सेवा करने के बाद जब सेवानिवृत्त होता है तब ही उसे उसके सभी स्वत्वों का भुगतान होना चाहिए जिससे वह कर्मचारी अपने परिवार एवं बच्चों के सभी आवश्यक कार्य कर सके मगर बहुत ही खेद का विषय है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारी को उसकी जीवन भर की जमा राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम नगरपालिका कर्मचारी संघ शीघ्र ही निगम प्रशासन को मांगपत्र सौंपकर कर्मचारियों को सेवानिवृतगं दिनांक को ही जमा राशि का भुगतान करने की मांग करेगा।

### भीम आर्मी जिला कार्यकर्ता सम्मेलन 02 सितम्बर को

**सागर।** भीम आर्मी संगठन का विस्तार एवं मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य को लेकर 02 सितम्बर को भीम आर्मी के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन सागर शहर के रविन्द्र भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया और विशिष्ट अतिथि आजाद समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय , भीम आर्मी प्रदेश महासचिव नीरज चंदसोरिया व भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र अहिरवार शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं ग्रामों के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे तथा संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा होगी। इसके पश्चात निर्धारित तिथि को ही शाम 04:00 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से पैदल मार्च निकालकर क्षेत्र व प्रदेश की गंभीर समस्याओं एवं घटित घटनाओं के संबंध में महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी सागर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त ज्ञापन में जिले एवं संभाग की जनता से जुड़ी बुनियादी समस्याओं, सामाजिक न्याय, शैक्षिक अवसर, प्रशासनिक अनियमितताओं के निराकरण तथा संविधान सम्मत अधिकारों की रक्षा की माँग रखी जायेगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या शामिल होने की अपील करते हुए उक्त जानकारी भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र अहिरवार ने दी।

### मूर्ति विसर्जन स्थल का किया गया निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट आरती यादव ने उपायुक्त एसएस बघेल, तहसीदार संदीप तिवारी के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल लेहदरा नाका बड़ी नदी का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर पर्याप्त साफ सफाई के साथ नाव, गोताखोर, हाईड्रोलिक मशीन, बेरीकेटिंग, फायर ब्रिगेड, एम्बूलेंसे, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ सहित एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। श्रीमती आरती यादव ने कहा कि विसर्जन स्थल पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहे जिससे कि क्रम के अनुसार ही गणेश प्रतिमा का विसर्जन आसानी से सुगमता से किया जा सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार चकरा घाट पर भी नगर निगम के द्वारा ट्रेक्टर ट्रॉली से गणेश प्रतिमा को एकत्र कर पूरी श्रृद्धा, पूजा, अर्चना के साथ अनयत्र नदी में उनका विसर्जन किया जा सके।

## बैठक में अनुपस्थित रहने पर नगर निगम कमिश्नर सहित एक दर्जन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

# शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर उपलब्ध कराएं: कलेक्टर संदीप जी आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय पर उपलब्ध कराएं। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने समय सीमा बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के वी, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा सहित समस्त एसडीएम सहित सभी विभाग अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर संदीप जी आर ने निर्देश दिए कि शासन के द्वारा लोक हितकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आपदा राहत की राशि भी समय का प्राप्त हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने एवं शासन की योजना का लाभ प्रदान करने में विलंब करने पर विभिन्न अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस एवं एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न करने पर नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, साथ ही एसडीएम माल्थोन मनोज चौरसिया को बैठक में अनुपस्थित रहने पर एवं नगर पालिका अधिकारी मकरोनिया पवन शर्मा के द्वारा हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ प्रदान नहीं करने पर कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सीएमओ माल्थोन प्रभु शंकर खरे, सीएमओ खुरई राजेश मेहते, सीएमओ बंडा आरसी अहिरवार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी माल्थोन सचिन गुप्ता को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एक बगिया मां के नाम योजना के अंतर्गत सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की एक वेतन वृद्धि रोकने के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किए एवं फ्रूट फॉरेस्ट के अंतर्गत समय पर पौधारोपण न करने पर चार जनपद पंचायत सीईओ को नोटिस जारी किए हैं। इसी प्रकार परियोजना अधिकारी संदीप श्रीवास्तव एवं डीपीएम प्रभास मोड़ोतिया को भी कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं।



## ईश्वर तक पहुंचने का सरल मार्ग है निस्वार्थ प्रेम और भक्ति: अविराज

**सागर।** चैतन्य महाप्रभु अस्पताल परिवार की ओर से श्री गौर गोविंद मंदिर में आयोजित श्री राधा अष्टमी कार्यक्रम में युवा नेता अविराज सिंह ने पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की परम प्रिय श्री राधा का जन्म केवल एक कन्या के रूप में नहीं बल्कि भक्ति और प्रेम के रूप में हुआ है। ईश्वर तक पहुंचने का सरल मार्ग निस्वार्थ प्रेम और भक्ति है। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार ''राधा बिना कृष्ण अधूरे हैं और कृष्ण बिना राधा अधूरी हैं। श्री राधा प्रेम, समर्पण, त्याग और भक्ति की प्रतीक हैं। उनकी भक्ति से यह संदेश मिलता है कि ईश्वर तक पहुंचने का सबसे सरल मार्ग निस्वार्थ प्रेम और भक्ति है। भूमि तत्व, जल तत्व, अग्नि तत्व, वायु तत्व, ब्रह्म तत्व, व्योम तत्व, विष्णु तत्व, गोरी है, तत्वं के तत्त्व, जग जीवन श्री कृष्ण चन्द्र और कृष्ण को हु तत्व श्री राधिका किशोरी है। अविराज सिंह ने कहा कि श्री गौर मंदिर में आयोजित श्री राधा अष्टमी के पर्व पर सहभागिता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह आध्यात्मिक कार्यक्रम श्री राधा रानी की करुणा और माधुर्य से परिपूर्ण रहा। श्री राधारानी की कृपा सभी के जीवन में सदैव बनी रहे। इस दिव्य आयोजन के लिए आयोजक डॉ. पीएस ठाकुर, डॉ. लक्ष्मी ठाकुर और चैतन्य महाप्रभु अस्पताल परिवार का हृदय से साधुवाद और अभिनंदन है।

## कांग्रेस ने किया वोट अधिकार यात्रा व प्रदेशाध्यक्ष पर हमले के विरोध में पदयात्रा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला शहर कांग्रेस ने अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में वोट अधिकार यात्रा का आयोजन किया गया। समस्त कांग्रेस जन होटल जीवन रेन बसेरा के सामने, चौराहे पर एकत्र हुये वहां से सभी वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाते कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा कर सभी जन पहुंचे। कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन युवक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे ने किया। साथ ही साथ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर रतलाम जिले में हुये कायराना हमले के विरोध में पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसका वाचन पार्षद रिचा सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि निर्वाचन आयोग जिस तरह से स्वतंत्र संस्था होने के बाद भी भाजपा के लिये कार्य कर रहा है यह निंदनीय है हम वोट अधिकार यात्रा को चरणबद्ध चला कर वार्ड स्तर पर और बूथ स्तर पर चलाकर आम जनता के बीच ले जायेंगे।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा बड़ी ऐतिहासिक रही, आम जनता जाग चुकी है,भाजपा और चुनाव आयोग की सांठ गांठ भारत की जनता के सामने उजागर हो चुकी है।

पूर्व प्रदेश सचिव अमित दुबे रामजी ने कहा कि हिंसा का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है फिर भी भाजपा हिंसा से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की आवाज दबाना चाहती है। भाजपा भूल गयी कांग्रेसियों की आवाज दबाना ब्रिटिश काल में भी संभव नहीं हुआ है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी नें कहा कि भाजपा देश मे तानाशाही शासन स्थापित करना चाहती है, चुनाव आयोग के माध्यम से वोटर लिस्ट मे हेरा फेरी कराती है देश मे चुनावी निष्पक्षता समाप्त हो रहीं है, इसके विरुद्ध कांग्रेस नें लोकसभा मे नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व मे विगुल फूंक दिया है।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान कांचरी मेहर व खजुरिया गुरू में अनियमितताएं पाए जाने पर की गई कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर सागर तहसील अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान कांचरी, मेहर एवं खजुरिया गुरू में अनियमितताएं पाए जाने पर प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए लाखों रू. की वसूली संबंधी बड़ी कार्यवाही की गई। नरयावली अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान कांचरी में अनियमितताएं पाए जाने के कारण आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत संस्था का प्राधिकार पत्र निरस्त किया गया तथा वसूली राशि 6,38,630 की कार्यवाही प्रारंभ की गई। इसी प्रकार तहसील सागर अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान मेहर में अनियमितताएं पाए जाने से प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए 11,50,111 राशि वसूली की कार्यवाही प्रारंभ की गई तथा इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान खजुरिया गुरु में प्राधिकार पत्र निरस्त करते हुए 6,82,000 राशि वसूली की कार्यवाही प्रारंभ की गई। सहायक आपूर्ति अधिकारी, सागर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम कांचरी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कोड 1003080के विक्रेता अरविन्द सोनी, इसी प्रकार शासकीय उचित मूल्य दुकान मेहर कोड 1001100 के विक्रेता श्रीमती शैलनंदनी सेन पति मनोज सेन एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान खजुरिया गुरू कोड 1001103 विक्रेता अरविंद कुमार सोनी को कार्यालयीन कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत जबाव, उन पर लगाए गए आरोपों के संबंध में कोई समाधानकारक तथ्य प्रस्तुत नहीं किए गए। विक्रेता द्वारा प्रस्तुत जबाव संतोषजनक न मानते हुए गम्भीर अनियमितता पाये जाने के फलस्वरूप म०प्र० सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम अदिति यादव द्वारा संस्था का प्राधिकार पत्र निरस्त किया गया।




## विश्वविद्यालय: युवक छात्रावास में स्वच्छ भारत मिशन पर संगोष्ठी आयोजित

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ. अम्बेडकर चेयर द्वारा विश्वविद्यालय के युवक छात्रावास में संगोष्ठी आयोजित की गई। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी। यह अभियान स्वच्छता और स्वस्थ के महत्व पर जोर देता है। डॉक्टर अंबेडकर चेयर के द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रावास में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन प्रयासों में सुधार करना एवं सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता को बढ़ावा देना है। स्वच्छ भारत मिशन के कारण आज गंदगी से होने वाली बीमारी में गिरावट आई है जिससे शासन एवं समाज के भी पैसे बच रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन आज की आवश्यकता है, इसके लिए हम सब युवाओं को आगे आकर काम करने की आवश्यकता है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए आशुतोष पाठक ने कहा कि हम सबको अपने आसपास एवं छात्रावास में सफाई के लिए अभियान चलाना होगा। साहिल कुमार ने कहा कि स्वस्थ भारत मिशन की लड़ाई में हम सब साथ होकर आगे आकर, इस मिशन को आगे बढ़ाएं, जिससे गंदगी से होने वाली बीमारी जिसमें प्रदूषण एवं जल शामिल है। संगोष्ठी में सम्मक बुद्ध, विश्वजीत, अंकित राज, अभिजीत मिश्रा, आकाश गिरी, पंकज चंदन कुमार, संगोष्ठी का संचालन विशाल ने किया।

## गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु प्रतिमाएं एकत्रित करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने तालाब की स्वच्छता बनाए रखने हेतु तालाब में श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन न हो इसके लिए 6 सितंबर को श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों से प्रतिमाएं एकत्रित कर विसर्जन स्थल लेहदरा नाका स्थित बड़ी नदी पर विसर्जित करने हेतु फायर प्रभारी शईदउद्दीन कुरैशी को नोडल अधिकारी नियुक्त कर निर्देश दिए हैं कि 6 सितंबर को श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के अवसर पर नगर निगम द्वारा विभिन्न स्थानों से प्रतिमाएं एकत्रित कर ट्रेक्टर-ट्राली से लेहदरा नाका ले जाने के लिए ट्रेक्टर ट्राली की अच्छी तरह से सफाई कराकर प्रतिमाएं एकत्रित करें। निगमायुक्त ने वाहन प्रभारी को नियत स्थानों पर ट्रेक्टर -ट्राली की साफ-सफाई कर उपलब्ध कराने व स्टोर प्रभारी को वाहनों पर फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए हैं।

## भूविज्ञान में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो. ए.के. सिंह को राष्ट्रीय सम्मान



सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ए. के. सिंह, को जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, बैंगलोर ने "एस. एम. नक़वी गोल्ड मेडल- 2025" से सम्मानित करने के लिए चयनित किया है। यह सम्मान उन्हें आग्नेय शैलविज्ञान और भू-रसायन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रत्येक दो वर्ष में केवल एक वैज्ञानिक/शैक्षणिक को प्रदान किया जाता है, आगामी 7 अक्टूबर को नैनीताल स्थित कुमाऊँ विश्वविद्यालय में आयोजित जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के समारोह में प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के महासचिव एन. राजेन्द्रन ने दी। इस अवसर पर "हिमालय का भू-गतिकीय विकास" विषय पर 6 से 10 अक्टूबर तक एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता, विभाग के सहकर्मियों, तथा छात्र-छात्राओं आदि ने प्रो. सिंह की इस उपलब्धि पर अपार हर्ष और गर्व व्यक्त किया है। यह आने वाली पीढ़ियों के भूविज्ञानियों को प्रेरित करेगा।

## अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और यातायात पुलिस ने की कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर जिला अस्पताल और बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर के पास ग्रीन कॉरिडोर पर अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम और यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने के साथ साथ चालानी कार्यवाही भी की गई।

## संभाग के सभी कलेक्टर्स प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की करें समीक्षा: कमिश्नर

# सीएमओ पवई, अजयगढ़, अमानगंज, पन्ना, राहतगढ़, देवरी, पथरिया और छतरपुर को अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नोटिस जारी कर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना 02 के निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश सागर संभाग के सभी नगर पालिका अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने सागर संभाग में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की प्रगति की नगरीय निकायवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में गति लाई जाए तथा हितग्राहियों को आवास योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिचित किया जाए।

कमिश्नर ने सागर संभाग की पवई, अजयगढ़, अमानगंज, पन्ना, राहतगढ़, देवरी, पथरिया और छतरपुर में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने और हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उक्त सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सागर संभाग को दिए हैं।कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि सागर संभाग की सभी नगरीय निकायों में रहने वाले पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की संभाग स्तरीय समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स से दूरभाष पर चर्चा की तथा सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह जिले स्तर पर प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की समीक्षा करें। कमिश्नर ने कहा कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना का लाभ हितग्राहियों को प्राथमिकता के साथ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था एवं जलसंवर्धन के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संभाग के सभी नगरीय निकायों में पेयजल व्यवस्था के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सभी नगरीय निकायों में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने बीना और शाहपुर नगर पालिका क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों में आ रहे गतिरोध को दूर करने के निर्देश कमिश्नर ने दूरभाष से संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने अमानगंज, अजयगढ़, बडागांव, बल्देवगढ़, बड़ा मलहरा, बक्सवाहा, तरीचर कला नगरीय निकायों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कमिश्नर ने मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास कार्यक्रम और विशेष निधि के कार्यों की भी समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि उक्त योजनाओं के कार्यों के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए। बैठक में कमिश्नर ने नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। समीक्षा के दौरान खजुराहो, नौगांव, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, सागर, बीना, दमोह, खुरई के विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, उपायुक्त विकास राकेश शुक्ला, नगर तथा ग्राम निवेश एवं श्रम विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



## रानी अवंती बाई लोधी वि.वि. कुलपति से मिला क्रीड़ा भारती प्रतिनिधि मंडल

**सागर।** क्रीडा भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सभी प्रांतों में स्क्रीय रूप से क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा आयोजित कराने जा रहा है। जिसमे मनीष यादव सागर विभाग संयोजक ने बताया कि क्रीड़ा के क्षेत्र में खेलों को समर्पित संस्था क्रीड़ा भारती हमारे जिला, विभाग एवं प्रांतों के साथ देश के खिलाड़ियों की मानसिकता खेलों के प्रति बढ़े और रूचीकर हो और विकसित सोच एवं खेलों के प्रति जागरूक एवं जनरल नालेज के साथ खेलो में सक्रियता बढ़े इस हेतु क्रीड़ा भारती सागर जिले के साथ सागर विभाग एवं जिले का प्रतिनिधि मंडल क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा के उद्देश्य को लेकर रानी अवंतीबाई लोधी वि.वि. सागर के कुल गुरु विनोद मिश्रा से भेंट करते हुए क्रीडा ज्ञान परीक्षा की जानकारी दी। उसके रजिस्ट्रेशन वि.वि. के छात्र -छात्राओ के पंजीयन कराने का विषय विभाग सह संयोजक प्रगति यादव ने रखा। सागर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र यादव ने क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का विस्तृत विषय रखते हुए इस परीक्षा में पुरूस्कारों की जानकारी दी इस अवसर पर वि.वि. कुल गुरु ने इस क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे और आनलाइन परीक्षा में अपनी क्रीड़ा ज्ञान की दक्षता का उत्कृष्ट परीणाम भी छात्र देंगे और पुरूस्कार जीतेंगे इस अवसर पर कीड़ा ज्ञान परीक्षा के सहसंयोजक स्पनल यादव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बीडीओ जखौरा की गाड़ी को ट्रक ने मारी जोरदार टक्कर

**ललितपुर।** जिला जालौन अंतर्गत थाना एट के ग्राम विलायां निवासी अभिनेश कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी कार संख्या यू.पी. 92 ए.टी. 8390 जो कि विकास खण्ड जखौरा में शासकीय कार्य के लिए लगी है। वह अपने खण्ड विकास अधिकारी जखौरा को लेकर जिलाधिकारी की बैठक में आये हुये थे। यहां से मीटिंग समाप्त होने पर वह वापस जा रहे थे। तभी जेल चौराहा के पास ट्रक संख्या यू.पी.94 टी 2323 जो कि काफी तेज गति से भाग रहा था ने उसकी बुलैरो गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं ट्रक ड्राईवर मौके से भाग निकला। पुलिस ने गाड़ी चालक की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 324 (2) के तहत एफऋआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### तेज रफ्तार कंटेनर ने बालक को रौंदा हो गई मौत

**ललितपुर।** एनएच-44 स्थित सिंघई पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने सड़क किनारे चल रहे छात्र को पीछे से कुचल दिया। मृतक की पहचान थाना जखौरा के ग्राम बांसी निवासी नीलेश पुत्र भैय्यान अहिरवार के रूप में हुई। नीलेश कक्षा 7वीं का छात्र था। हादसा लगभग दिन 11 के बजे हुआ, जब वह ललितपुर से घर लौट रहा था। झांसी से ललितपुर की ओर जा रहे कंटेनर ने उसे टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। घायल नीलेश को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। मृतक के भाई बाल किशन ने बताया कि नीलेश तीन भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। कंटेनर चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया।

### छत्रपति शिवाजी की वेशभूषा में विराजे राजाधिराज गणेश जी

**गढ़ाकोटा।** नगर के चार वार्ड चौराहा पर समिति द्वारा इस बार भगवान गणेश जी को छत्रपति शिवाजी की वेशभूषा में विराजमान किया गया है जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां पर लगातार 35 साल से प्रतिमा विराजमान की जा रही है। सदस्यों ने बताया कि आस्था, भक्ति एवं उत्साह का स्थल चारवार्ड जहाँ हर धार्मिक आयोजन पर्व बड़ी ही भव्यता एवं कुछ विशेष करके मनाया जाता है। इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर चार वार्ड चौराहे पर विराजमान शिवाजी स्वरुप में श्री राजाधिराज महाराज एवं पंडाल में साक्षात गणेश मंदिर की भांति श्री अष्टविनायक गणपति जी के दर्शन आप सभी श्रध्दालुओं को प्राप्त होगें। यह कलाकारी भी हमारे समिति के सदस्यों द्वारा ही की गई है । सप्तमी पर महा आरती की जाएगी। राजाधिराज महाराज के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### शिव मंदिर में हुई चोरी

**गंजबासौदा।** पुरानी मंडी परिसर में बने शिव मंदिर की दान पेटी चोर तोड़कर रुपए ले गए। जिसकी शिकायत पुजारी ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुबह जब पुजारी पूजा के लिए मंदिर पहुंचे, तब दान पेटी टूटी मिली। उसमें रखी राशि गायब थी। जांच में पता चला कि मंदिर के पीछे लकड़ी का गेट तोड़कर चोर अंदर घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कृषि उपज मंडी समिति के नए परिसर में शिफ्ट होने के बाद भी मंदिर में व्यापारी और आसपास के लोग नियमित दर्शन के लिए आते हैं। दान पेटी पिछले तीन साल से नहीं खोली गई थी। यह पेटी व्यापारियों की मौजूदगी में ही खोली जाती है।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

**गंजबासौदा।** विद्युत कंपनी द्वारा रविवार को राजेन्द्र नगर फीडर पर मेंटेनेंस कार्य होने के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। जिसके कारण राजेंद्र नगर सहित कुछ अन्य क्षेत्रों में बिजली बंद रहा।

### ईसी एक्ट में एफआईआर की अनुमति मांगी गई

# मप्र ले जा रही 70 बोरी यूरिया जब्त, कालाबाजारी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना बालावेहट पुलिस ने अंतरराज्यीय सीमा पर रात में सघन चेकिंग के दौरान एक टाटा इंट्रा पिकअप (यूपी 94 ए.टी. 3556) से आईपीएल यूरिया की 70 बोरियां बरामद कीं। थानाध्यक्ष अजीत सिंह ने रात 10.30 बजे बरामदगी की सूचना दी। अगले दिन पूर्वाह्न में पहुँची कृषि विभाग की टीम ने जांच में पाया कि माल के संबंध में न बिल प्रस्तुत हुआ, न पीओएस रसीद। विभागीय जानकारी के अनुसार यूरिया को बिना अभिलेख मध्यप्रदेश ले जाए जाने की आशंका है।

पुलिस-विभाग की संयुक्त रिपोर्ट में इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 व उर्वरक (परिसंचलन) आदेश, 1973 का उल्लंघन माना गया है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय है। वाहन और माल को थाना बालावेहट की सुपुर्दगी में रखा गया है। वाहन का मालिक/फुटकर उर्वरक विक्रेता पियूष जैन, निवासी मोहल्ला कुरयाना, वार्ड-2, पाली तथा चालक बहादुर खंगार, निवासी हजारिया, पाली बताए गए हैं। प्रशासन ने आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जिलाधिकारी से अनुमति माँगी है। अनुमति मिलते ही एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई होगी।



**क्या है मामला**

प्रकरण में 70 बोरी आईपीएल यूरिया बरामद की गयी हैं, जो कि अंतरराज्यीय सीमा, थाना बालावेहट क्षेत्र में आता है। मौके पर टाटा इंट्रा पिकअप, यूपी 94 ए.टी. 3556 से माल बरामद हुआ है और इसके साथ बिल/पीओएस रसीद प्रस्तुत नहीं किया गया है। पूरे माल को थाना बालावेहट के सुपुर्द किया गया है, जबकि प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के साथ में एफसीओ 1985 और उर्वरक (परिसंचलन) आदेश 1973 को भी प्रभावी किया गया है।

### बंदी दिवस पर खुलते बाजार

## व्यापारी नियम विरुद्ध खोल रहे अपनी दुकानें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शासन के आदेश और जिलाधिकारी अमनदीप डुली के आदेश पर शहर में साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन कराने का अधिकारी तमाम जतन कर रहे हैं। लेकिन साप्ताहिक बंदी का शहर में मजाक बना हुआ है। इसकी ताजा वानिगी रविवार को उस समय देखने को मिली, जब श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार स्वयं विभागीय टीम लेकर बाजार में खुली दुकानों को बंद कराने पहुंचे। हालांकि साप्ताहिक बंदी को लेकर कुछ दिनों पहले उन्होंने सार्वजनिक रूप से विज्ञप्ति जारी कर प्रकाशन कराया था।

बावजूद इसके दुकानों को खोले जाने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी खूब नाराज नजर आये। लेकिन दुकानें लाव लश्कर के साथ पहुंचे अधिकारी को देखकर दुकानें बंद करने के बजाय उल्टा उनसे ही उलझने लगे। हालांकि कुछ दुकानदारों ने दुकानें बंद करते हुये दूसरों की दुकानें भी सख्ती से बंद कराये जाने की मांग उठायी, जिस पर अधिकारी भी हामी भरते नजर आये। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार अपने कार्यालय से कमलेश गुप्ता और अन्य लोगों को लेकर नझाई बाजार पहुंचे, जहां उन्होंने दुकानदारों से दुकान रविवार को साप्ताहिक बंदी के अवसर पर बंद रखने का आह्वान किया। वहीं घण्टाघर पहुंचने पर बड़े दुकानदार अधिकारी को दुकान पर आता देख बिल्कुल भी नहीं हिचके और बेखौफ होकर अधिकारी के सामने भी दुकानदारी करते नजर आये। अधिकारी ने जब दुकानदारों से बार-बार कहा कि वह दुकानें बंद कर दें तो दुकानदार हामी भरते हुये ग्राहकों को सामान देते हुये नजर आये। फिलहाल साहब वापस आ गये, लेकिन दुकानें पूरा दिन अनवरत रूप से संचालित रहीं।

### प्रसूता के ससुर ने एसडीएम को दिया शिकायती पत्र

## एंबुलेंस में हुआ प्रसव, अस्पताल में नर्स पर लगाया पैसे मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एंबुलेंस में प्रसव होने के उपरान्त अस्पताल पहुंची प्रसूता को भर्ती करने के नाम पर 500 रुपये मांगे जाने और रुपये न देने पर प्रसूता को भर्ती न करने का गंभीर आरोप लगाते हुये थाना मड़ावरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम लुहर्रा निवासी पन्ना कुशवाहा पुत्र बुददा ने एसडीएम मड़ावरा को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि बीती 30 अगस्त को उसकी बहू को प्रसव पीड़ा हुयी।

प्रसव पीड़ा से गुजर रही उसकी बहू को रात करीब 3 बजे एम्ब्युलेंस को बुलाया गया। जब तक कि एंबूलेंस अस्पताल तक पहुंच पाती एंबूलेंस में ही बहू को प्रसव हो गया। आरोप है कि जब वह प्रसव उपरान्त बहू को लेकर अस्पताल पहुंचा तो वहां मेटरनिटी वार्ड में तैनात महिला नर्स द्वारा उससे 500 रुपये की अवैध सुविधा शुल्क की मांग की गयी, जिसे न देने पर उसकी बहू को भर्ती नहीं किया। पीड़ित ने बताया कि जब उसने



200 रुपये उक्त नर्स को दिये, तब कहीं जाकर उसकी बहू को अस्पताल में भर्ती किया गया। यह भी आरोप है कि उसकी बहू के कागजात भी अस्पताल में जमा नहीं कराये गये और उससे लगातार रुपयों की मांग की जाती रही। पीड़ित ने प्रकरण में जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### युवा नामदेव समाज की बैठक का आयोजन

## समाज के नौजवानों को राजनीति में आकर समाज का उत्थान करना चाहिएः नामदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

युवा नामदेव समाज की एक बैठक का आयोजन कस्बा बार स्थित दुर्गा माता मंदिर में हुआ जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों युवा बैठक में शामिल हुए, बैठक में युवाओं को अपना मार्गदर्शन देने के लिए समाज के वरिष्ठ लोग भी शामिल हुए, इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष विमलेन्द्र नामदेव गुड्डू ने कहा की युवा समाज की रीढ़ होते हैं, उन्होंने बैठक में आये सभी युवाओं से मिलजुलकर कार्य करने के लिए कहा, बैठक की अध्यक्षता कर रहे युवा नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष के के नामदेव ने कहा की अपनी नामदेव समाज को राजनैतिक मंच पर प्रमुखता से लाने के लिए युवाओं को पूरी ताकत और एकता के साथ आगे आना होगा और समय समय पर सामाजिक कार्य करते रहना होगा जिससे हमारी समाज का नाम राजनैतिक पार्टियों में एवं अन्य जगह भी चर्चाओं में लिया जायेगा बैठक में अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखे। इस अवसर प्रमुख रूप से जगदीश नामदेव विधायक जी, हरप्रसाद नामदेव, सुखराम नामदेव, धनीराम नामदेव, युवा नामदेव समाज के जिला महामंत्री सोनू नामदेव, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद नामदेव, रोहित नामदेव, जिला सांस्कृतिक मंत्री मानेंद्र नामदेव, डॉ पवन नामदेव, जिला मंत्री चंचल नामदेव, रामकुमार नामदेव, लक्ष्मी नामदेव, योगेश नामदेव, रवि नामदेव, सुनील नामदेव, अवधेश नामदेव, कमलेश नामदेव, राघवेंद्र नामदेव, मोहित नामदेव, पंकज नामदेव, राजू नामदेव, अंशित नामदेव, रिंकू नामदेव, बालकिशन नामदेव आदि समाज के लोग शामिल रहे।



### महिलामंडल का गठन, अध्यक्ष शक्ति पाठक घोषित

## ब्राह्मण व्यक्तिगत वैमनस्ता त्याग कर सामाजिक राजनीतिक स्थिरता के लिए साथ आएंः पटेरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीचंडी माता मंदिर स्थित ब्राह्मणमहामंडल धर्मशाला में ब्राह्मण महामंडल की बैठक जिलाध्यक्ष अशोक पटेरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर भावना गोस्वामी रहीं।।सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके दीप प्रज्वलन ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में महामंत्री परमानंद तिवारी, संगठन मंत्री महेंद्र रावत, समाजसेवी ब्रजेश चतुर्वेदी, श्यामाकांत चौबे लंबरदार, पत्रकार पवन संज्ञा ने सामूहिक रूप से किया।

बैठक में संगठन की मजबूती पर विचार व्यक्त किए गए ।ब्राह्मण समाज के शिक्षित युवाओं और समाजसेवी महिलाओं को संगठन से जोड़ने के लिए विस्तार से चर्चा कर आह्वाहन किया गया। महिला संगठन के विस्तार को लेकर सार्थक चर्चा हुई । ब्राह्मण महिलामंडल की अध्यक्ष पद पर श्रीमती शक्ति पाठक को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया । और उनसे शीघ्र ही महिलाब्रह्मण मंडल का विस्तार जिले में करके ब्राह्मण समाज को मजबूती प्रदान करने का निर्देश दिया गया। प्रमुख वक्ताओं में महामंत्री परमानंद तिवारी ,ब्रजेश चतुर्वेदी,आत्माराम रिछारिया ,पत्रकार पवन संज्ञा ,जगदीश पाठक शास्त्री, शिव नारायण संज्ञा,चंद्रशेखर दुवे, दया शंकर पस्तोर ,भूपेंद्र सरवैया ने समाज को सही दिशा में कार्य करना चाहिए वक्ताओं ने कहा आप किसी भी राजनीतिक दल में अपनी सेवाएं दे लेकिन जब ब्राह्मण सम्मान की बात हो तो सभी एकजुट होकर ब्राह्मण के पक्ष में खड़े नजर आना चाहिए समाज को संगठित करने पर सभी विप्रजनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए ।।इसी क्रम में श्रीमतीबबीता तिवारी, गीतीमा तिवारी, ने कहा कि सामाजिक संगठन में पद महत्वपूर्ण नहीं होता, एक जिम्मेदारी के रूप में काम करना पड़ता है। समाज की सभी महिलाओं को संगठन की गतिविधियों में बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए। जिससे संगठन मजबूत होना आवश्यक है।संगठन की गतिविधियों में जरूरी सुधार करके महिला सुरक्षा, सनातन बाल संस्कार को लेकर विचार विमर्श किया।

**ये लोग रहे उपस्थित**

इस अवसर पर ब्राह्मण महिला समाज से संगीता तिवारी, ममता तिवारी पूर्व पार्षद, राधिका , मोनिका शर्मा, गरिमा तिवारी,श मतिऋतु रिछारिया, रंजना, मधु तिवारी सहित ब्राह्मण विप्र समाज से गोविंद व्यास,गिरिजा शंकर दुबे,मदन शर्मा,रमाकांत तिवारी, रज्जन चौबे,नागेंद्र रावत,महेश प्रसाद अग्निहोत्री, प्रधान शिव नारायण नायक, ब्रजेश बबेले, पार्षद मनमोहन चौबे, पत्रकारअरविंद संज्ञा, प्रमोद गोस्वामी, रजत गिरी गोस्वामी, बलराम पचोरी, सौरव गोस्वामी, कृष्ण कुमार रिछारिया, डॉ दीपक पस्तोर,प्रमोद बबेले,वेद प्रकाश लिटोरिया,नंद किशोर तिवारी, हरिराम तिवारी, प्रदीप रिछारिया,रोहित पटेरिया,अंजुल रिछारिया,अंकुर शर्मा,अमन सिरोठिया,मोनू रिछारिया,संदीप नायक,आनंद पटेरिया, अनुभव रावत,राजाराम तिवारी,बाबूलाल दुवे,स्वतंत्र व्यास एड,अशोक कांकर,राजू शर्मा,गोलू शर्मा,नीरज रिछारिया,रेशु चौबे,श्याम सुंदर मिश्रा, रामेश्वर पटेरिया, शानू पाठक,प्रदीप पाठक, मुकेश पुरोहित,अमित त्रिपाठी,अनुभव रावत,शिवम चौबे,आदि उपस्थित रहे ।।बैठक में महामंत्री परमानंद तिवारी एवं संगठन मंत्री महेंद्र रावत ने समस्त विप्रजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बृजमोहन शर्मा ने किया।

## साबरमती एक्सप्रेस में महिला यात्री का मोबाइल चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गुजरात के अहमदाबाद में रहने वाली पार्वती बेन पत्नी पुरुषोत्तम गुप्ता ने अशोकनगर जीआरपी पुलिस को सूचना दी कि उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया है। सूचना पर जीआरपी अशोकनगर में तैनात सहायक उप निरीक्षक लखन सिंह रघुवंशी ने जीआरपी ललितपुर को बताया कि जीआरपी कंट्रोल रूम इन्दौर से सूचना प्राप्त हुयी कि ट्रेन संख्या 19166 साबरमती एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 बर्थ संख्या 11-12 पर यात्री की चोरी हो गयी है।

सूचना मिलने पर उन्होंने यात्री को ट्रेन के अशोकनगर पहुंचने पर अटेण्ड किया, जहां महिला यात्री पार्वती बेन ने बताया कि वह अकबरपुर से अहमदाबाद की यात्रा कर रहीं थी। तभी उनका मोबाइल फोन किसी अज्ञात व्यक्ति ने सुबह करीब 7 बजे चोरी कर लिया। यह भी बताया कि घटना के समय ललितपुर के जखौरा स्टेशन के पास से ट्रेन गुजर रही थी। जीआरपी पुलिस ने महिला यात्री के शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## क्रेशर पर जा रहे व्यक्ति की कार पर पत्थरों से हमलाकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम छिल्ला निवासी बृजेन्द्र राय पुत्र केशवदास राय ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शनिवार को अपराह्न करीब एक बजे वह ग्राम खिरिया मिश्र से अपनी स्कॉर्पियो संख्या एम.पी. 36 सी 4111 से अपने साथी निरपत लोधी पुत्र फुन्दी के साथ गांव पर स्थित क्रेशर पर जा रहा था।

> चिल्लाया तो गांव के अन्य लोग मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर धमकी देकर भाग गए

तभी गौशाला के पास उसके कार ड्राईवर राजेश यादव ने कार रोकते हुये बताया कि उसकी कार में कोई पीछे से पत्थर मार रहा है। जब वह कार रूकवाकर नीचे उतरा तो उसकी कार पर पत्थर के निशान थे और उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी। पीछे देखा तो छिल्ला निवासी भगवत पुत्र तन्शू लोधी, भूपेन्द्र सिंह व बृजेन्द्र सिंह पुत्रगण हनुमत सिंह और पत्थर मारने का कारण पूछा तो उक्त लोगों ने उस पर हमला कर दिया। जब वह चिल्लाया तो गांव के अन्य लोग मौके पर आ पहुंचे, जिन्हें देखकर उक्त लोग गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 324 (4), 131, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### आयोजन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम उनके पदचिन्हों पर चलते हुए कार्य करेंगे

# महाराजा खेत सिंह खंगार की पुण्यतिथि पर गो भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिझौतिखण्ड (वर्तमान बुंदेलखंड) के प्रथम स्वतंत्र हिंदू राष्ट्र के संस्थापक और गढ़कुण्डार के वीर योद्धा महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य गो भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह परिहार ने की, जिसमें जिले भर से आए समाजसेवियों, गौसेवकों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार साहस और बलिदान के प्रतीक थे। उन्होंने गढ़कुण्डार किला बनाकर न सिर्फ हिंदू स्वराज की नींव रखी, बल्कि उस दौर में बाहरी आक्रमणों के बीच भी स्वतंत्रता की मशाल जलाए रखी।

उनकी पुण्यतिथि पर गौ भोज हमारी संस्कृति और परंपरा को जीवित रखने का प्रयास है। यह आयोजन समाज को अपने गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है। गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला ने कहा कि गो सेवा और राष्ट्र सेवा दोनों ही खंगार परंपरा की धरोहर हैं। महाराजा खेत सिंह ने हमें यह संदेश दिया कि धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए त्याग और समर्पण आवश्यक है। आज का आयोजन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम उनके पदचिन्हों पर चलते हुए समाज व राष्ट्रहित में कार्य करेंगे। समाजसेवी हरेंद्र राजा ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिंदू स्वराज की नींव रखी थी। उनका संघर्ष और पराक्रम इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ संकल्प के सामने किसी भी बड़ी शक्ति को झुकना पड़ता है। उनकी गाथा हमें आत्मबल, साहस और निडरता का पाठ पढ़ाती है। समाज को चाहिए कि उनके आदर्शों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाए। इस अवसर पर जिले के कई प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे जिनमें एड. पुष्पेंद्र चौहान, गौपुत्र प्रशांत शुक्ला, मनीष दुबे, हरेंद्र राजा, आशीष दुबे, अभिषेक पटेरिया, विकास झा, साहिल गौतम, मोनू पंड्या, अमन बजरंगी, श्रीराम, अतिशय जैन समेत बड़ी संख्या में गौसेवक और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने महाराजा खेत सिंह खंगार की प्रतिमा/तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और गौ भोज में सहयोग किया। गो भोज के माध्यम से न केवल समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया गया, बल्कि यह भी दिखाया गया कि बुंदेलखंड की जनता आज भी अपने पूर्वजों के आदर्शों को संजोकर रखे हुए है। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने यह साबित किया कि महाराजा खेत सिंह की स्मृति जनमानस में आज भी अमर है।



## जाम में फंसने से यात्रियों के साथ कलेक्ट्रेट ओर न्यायालय जाने में भी हुई परेशानी

# बिजली समस्या को लेकर आदिवासियों ने किया हाईवे जाम, एंबुलेंस भी फंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बिजली समस्या से परेशान रामपुरा डांग के आदिवासियों ने सोमवार को शिवपुरी रोड पर बिजली कंपनी के डीई कार्यालय के सामने सड़क पर धरना देकर हाईवे जाम कर दिया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में जहां वाहनों की लंबी कतारें लग गई वहीं जाम में एक एंबुलेंस भी फंस गई थी हालांकि बाद में पुलिसकर्मियों द्वारा समझाने के बाद आंदोलनकारियो ने एंबुलेंस को निकल जाने दिया लेकिन करीब 1 घंटे तक लगे इस जाम में यात्रियों के साथ-साथ कलेक्ट्रेट और न्यायालय में जाने वाले पक्षकारों तथा वकीलों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

जाम लगाने वाले आदिवासियों का कहना था कि उनके गांव में पिछले कई दिनों से डीपी फुंक जाने से बिजली नहीं आ रही है। जिसके कारण जहां रात अंधेरे में गुजरना पड़ रही है, वहीं नलजल योजना बंद होने पीने के पानी का संकट आ गया है। आदिवासी नदी नालों में भरा बरसात का पानी पीने को मजबूर है जिससे विभिन्न प्रकार की मौसमी जनित बीमारियां से बच्चे बड़े ग्रसित हो रहे हैं। आदिवासियों का आरोप है कि संबंध में वह कई बार बिजली कंपनी के अधिकारियों और कलेक्टर को भी आवेदन दे चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का निराकरण करने के बजाय सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। बिजली कंपनी के अधिकारी कलेक्टर के निर्देश भी नहीं मान रहे हैं। बाद में बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद आदिवासी हाइवे पर लगाए गए जाम को खोलने पर राजी हुए।



### क्या कलेक्टर के निर्देश नहीं मान रही बिजली कंपनी?

क्या बिजली कंपनी कलेक्टर के निर्देश को नहीं मानती है, यह हम नहीं कह रहे हैं यह तो सोमवार को लगे धरने जाम को देखकर पता चल रहा है, ज्ञात हो कि इसी गांव के लोग डीपी लगवाने के लिए 28 अगस्त को कलेक्ट्रेट पहुंचे थे जहां महिलाओं ने कलेक्ट्रेट का जोरदार घेराव किया था इस घेराव में अधिकारी कर्मचारियों को भी कलेक्ट्रेट के भीतर आने जाने तक नहीं दिया गया था। हालांकि तब कलेक्टर अर्पित वर्मा वीसी में थे और बाद में उन्हें जैसे ही पता चला तो उन्होंने समस्या के निराकरण के लिए बिजली कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया था ओर इसकी जानकारी कलेक्टर ने इसकी जानकारी जनसंपर्क के माध्यम से भी पब्लिश कराई, पर चार दिन बीतने के बाद भी बिजली कंपनी के अधिकारियों ने वहां डीपी नहीं रखी जिसके कारण आदिवासियों को मजबूर होकर जाम लगना पड़ा। प्रश्न यही उठ रहा है कि क्या बिजली कंपनी कलेक्टर के निर्देश नहीं मानती है?



### निराकरण करने का दावा भी किया गया था

रामपुरा डांग के आदिवासियों ने 28 अगस्त को जब कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया था तो विधायक बाबू जंडेल भी उनके पास पहुंच गए थे और उनकी समस्या के निराकरण के लिए जहां संभव था फोन लगाकर सिफारिश भी की कलेक्टर से भी डीपी लगवाने का अनुरोध किया इसके बाद विधायक ने आदिवासियों के साथ फोटो खिंचवा कर सोशल मीडिया पर भी डाले जिसमें बिजली के लिए परेशान हो रहे आदिवासियों की समस्या का निराकरण करने का दावा भी किया गया था पर यह सारी कवायद तब हवा हवाई साबित हुई जब चार दिन बाद सोमवार को वही लोग वापस न सिर्फ शिकायत करने आ गए बल्कि उन्होंने बिजली कंपनी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करते हुए हाईवे जाम कर डाला।

## दुकान में घुसकर चोरी किए थे केबल के बंडल

# बड़ौदा पुलिस ने किया छह सदस्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड,दो चोर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बडौदा थाना पुलिस ने एक छह सदस्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड करते हुए दो चोरों को दबोचने में सफलता हांसिल की है। इस चोर गिरोह ने बडौदा की एक दुकान में चोरी करते हुए केबल के बंडल चोरी किए थे। पकडे गए दोनों चोरो के कब्जे से चोरी का माल और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने पकडे गए दोनों चोरो को जेल भेज दिया है तथा शेष चार चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि बडौदा में दुकान लगाने वाले कमल नागर निवासी इंद्रपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28-29 अगस्त की दरमियानी रात को अज्ञात चोरो ने उसकी दुकान में चोरी करते हुए बिजली केबल के बंडल कीमती 67 हजार रूपए चोरी कर लिए। चोरों का कोई अता पता नहीं है। टीआई ने बताया कि इस मामले में चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी और पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए इस चोरी को अंजाम देने वाली छह सदस्यीय गैंग को नामजद करते हुए उसके दो सदस्यों को दबोच लिया। जिनमें राजू पुत्र मोहनलाल सुमन निवासी निवासी वार्ड क्रमांक 14 बडौदा,लक्ष्मण पुत्र मलखान मीणा निवासी नयागांव तेखण्ड शामिल है। पूछताछ के दौरान इन दोनों चोरो ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की इस वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया और उनकी निशान देही पर चोरी के माल के साथही वह बाइक भी बरामद कर ली है,जिसके जरिए इन्होंने चोरी का वारदात को अंजाम दिया था। इस खुलासे में बडौदा टीआई के अलावा उनि धर्मेन्द्र शर्मा, प्रआ सुनील भार्गव, अनिल राठौर, आरक्षक राजकुमार माहौर, पदम रावत, दीपक जाट,कुलदीप शर्मा की अहम भूमिका रही है।

### ढोढर पुलिस ने दबोचा चोर, ट्रैक्टर भी किया बरामद



ढोढर थाना पुलिस ने 24 घंटे में एक ट्रैक्टर चोरी की वारदात को ट्रेस करते हुए चोर को ट्रैक्टर समेत अरेस्ट कर लिया है। ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि रविवार को ढोढर निवासी राजवीर पुत्र प्रताप सिंह राजावत ने ट्रैक्टर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सचिन पुत्र वीरेन्द्र सिंह जादौन निवासी खोजीपुरा पर संदेह व्यक्त किया। इस मामले में तत्काल चोरी का मामला दर्ज करते हुए मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर सचिन पुत्र वीरेन्द्र सिंह जादौन को अरेस्ट कर लिया,साथही उसके कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है।

# अध्यक्ष पटवारी के काफिले पर हुए हमले के विरोध में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की काफिले पर हुए हमले के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को एसपी कार्यालय पर धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया और डीजीपी के नाम ज्ञापन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सोपा। इस दौरान विधायक बाबू जंडेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर नशा कारोबारी को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की नशा कारोबारी के प्रति सहानुभूति पूर्वक नीति के कारण ही आज जीतू पटवारी की गाड़ी पर हमला हुआ है। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर भाजपा द्वारा प्रायोजित हमले बढ़ते जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए कानून व्यवस्था को चुस्त करने की जरूरत है। जीतू इस हमले के पीछे नशा कारोबारियों का हाथ है क्योंकि जिस तरह जीतू पटवारी नशा कारोबारियों के खिलाफ लगातार बोल रहे हैं उससे उन्हें पूर्व से ही धमकी दी जा रही थी, नशा कारोबार या से जीतू पटवारी को जान का खतरा है इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। धरना प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, प्रदेश सचिव योगेश जाट , ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, आरसी गोयल, भोलानाथ चौहान, जुगराज मीणा ,विजय शंकर जी, रामावतार जोशी , सुग्रीव रावत ,जसवंत बछेरी, बड़ौदा पार्षद अंशु शुक्ला हरिशंकर मीणा, मुजम्मिल अली, सोनू सिंह गुर्जर, इंदर कुमार चौहान प्रहलाद सेन, युवा अध्यक्ष भारत मीणा, सुरेश मीणा ,मानसिंह राठौर सेट हंसराज मीणा, पार्षद सलाउद्दीन सुमेर सिंह पार्षद प्रतिनिधि इमरान खान, सिराज दाऊदी, डॉ शहजाद, बृजेश सिंह गहरवार ,रुबीना खान, मुकेश बैरवा वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# समाजसेवी शिक्षक अशोक कुमार शिवहरे की सेवानिवृति पर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



हम जब शासकीय सेवा में ज्वॉइनिंग देते हैं उसी समय हमारी सेवा निवृत्ति की तिथि निर्धारित कर दी जाती है जो भी व्यक्ति सरकारी सेवा में आता है उसे एक निश्चित दिन रिटायरमेंट लेना ही पड़ता है यह नियम है पर इस प्रक्रिया में वे लोग हमेशा याद रखे जाते हैं जो अपनी सेवाकाल के दौरान अच्छा काम करते हैं। अशोक सर भी ऐसे ही अच्छे शासकीय सेवक हैं जिन्हें हमेशा याद किया जाएगा। यह बात एनएमएस उर्दू गांधी स्कूल से सेवानिवृत हुए शिक्षक अशोक शिवहरे की विदाई पार्टी में विद्यालय प्रभारी कमलजीत सिंह सिसोदिया ने संबोधन देते हुए कही।

श्योपुर के कन्या प्राथमिक स्कूल के हेड मास्टर रहे अशोक शिवहरे 31 अगस्त को सेवानिवृत हो गए सोमवार को उनके विदाई पार्टी स्कूल परिसर में दी गई इस दौरान स्कूल स्टाफ ने उनके किए गए कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह ऐसे शिक्षक थे जो काम में कभी पीछे नहीं रहे उन्होंने पढ़ाने के साथ-साथ बीएलओ के रूप में निर्वाचन जैसी जिम्मेदारी भी ईमानदारी के साथ निभाई वह बीएलओ का काम करने के साथ-साथ हमेशा बच्चों को पढ़ाने का काम बिना किसी नागा के करते रहे। दूसरे शिक्षकों को भी उनसे बहुत मदद मिलती रही। इस दौरान अशोक शिवहरे में उन्हें सहयोग देने वाले समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में लववंशी ने किया सारंगपुर का नाम रोशन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कालीकट, केरल में आयोजित दीक्षांत समारोह में नगर के होनहार छात्र रामेश्वर लववंशी ने सफलता प्राप्त कर सारंगपुर का नाम गौरवान्वित किया है। यह समारोह भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में मंत्री एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। रामेश्वर लववंशी पिता प्रेम नारायण पटेल के सुपुत्र एवं जयनगर नगर मंडल उपाध्यक्ष विनोद लववंशी के अनुज हैं। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भेरूलाल पुष्पद, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, पार्षद भानु सिंह, पूर्व महामंत्री दिनेश सिसोदिया, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, सरपंच इंदर सिंह, नवीन रुण्डवाल, डॉ. ईश्वर सिंह, मोहन सिंह पटेल, निहाल राधेश्याम, पीरु लाल लाइनमैन, मणि शंकर पाटीदार, देवी सिंह पटेल तथा राधानगर सहित अनेक नागरिकों ने बधाई दी।

# कार्रवाई न होने से भड़के बजरंगी,रात को थाने के सामने दिया धरना, किया हनुमान चालीसा पाठ,एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



एक बालिका के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने संबंधी मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से नाराज विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने रविवार की रात को कोतवाली थाने के सामने धरना दिया और फिर सोमवार की सुबह कोतवाली थाने के सामने स्थित गांधी पार्क में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने एक नामजद और 10-12 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

शहर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी सागर ने बताया कि उसकी बहन को नामजद आरोपी काफी दिनों से परेशान कर रहा है। उसने मेरी बहन के फोटो भी खींचकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिसकी कहने पर आरोपी युवक अपने साथियों के साथ घर आकर इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला। इस मामले की कोतवाली थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराई,लेकिन पुलिस ने तत्काल कोई एफआईआर दर्ज नहीं। बताया गया है कि सागर मांझी के साथ विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ता भी रविवार की रात को कोतवाली थाने पहुंचे, बजरंगदल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि रात को पुलिस ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई। जिसके बाद कोतवाली के सामने काफी देर तक धरना दिया और फिर सोमवार की सुबह गांधी पार्क में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। सोमवार को कोतवाली थाना पुलिस ने इस मामले में सागर मांझी की रिपोर्ट पर आफरी तथा उसके 10-12 साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## वेतन संबंधित मांग को लेकर नपा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

# साहब! तीन माह से नहीं मिला है वेतन,बच्चों का पालन कैसे करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



साहब! तीन माह से वेतन नहीं मिला है तीज त्यौहार नजदीक आ गए हैं ऐसे में कपड़े और पूजन सामग्री लाना तो दूर की बात है बच्चों के पेट भरने का इंतजाम भी करना मुश्किल हो रहा है, अब तो बाजार में उधार भी नहीं मिल रही है कर्मचारी भूखे मरने की कगार पर पहुंच गए हैं। यह बात नगर पालिका कर्मचारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को वेतन संबंधित मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए कही।

नगर पालिका परिषद श्योपुर में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों ओर ऑफिस में कार्यरत कर्मचारियों ने वेतन व बोनस समय पर न मिलने पर नाराज़गी जताते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। कर्मचारियों ने साफ कहा है कि यदि दो दिन के भीतर बकाया वेतन व बोनस का भुगतान नहीं किया गया तो वे हड़ताल पर बैठकर काम बंद कर देंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें हर महीने 15 तारीख तक वेतन मिलना चाहिए, लेकिन सैलरी महीने की आखिरी तारीख यानी 29 या 30 को दी जाती है। इसके कारण परिवारों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। त्यौहार के समय यह समस्या और ज्यादा गंभीर हो जाती है। वहीं कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि पीएफ की राशि भी लंबे समय से रोकी हुई है, जबकि आश्वासन दिया गया था कि शीघ्र जमा कर दी जाएगी। नगरपालिका सफ़ाई कर्मियों को एक का वेतन चढ़ाकर देती तो संविदा कर्मियों (ऑफिशियल) को 3 माह चढ़ जाने पर एक माह का वेतन दिया जाता है। आउटसोर्स कर्मचारी को तो बीते 7 माह से वेतन ही नहीं मिला है सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों का निराकरण एक दो दिन में नहीं किया तो वह पूरे शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर देंगे तीज़ त्यौहार के बीच सफाई कर्मचारियों की चेतावनी के बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आ गया है और आनन फानन में वेतन निकालने कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## जरूरत से आधा यूरिया उपलब्ध कराने पर नाराज हुए किसान

# खाद की समस्या को लेकर किसानों ने किया हंगामा, विधायक जंडेल ने की कृषि मंत्री से बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोमवार को विपणन संघ कार्यालय धान मील पर खाद की किल्लत को लेकर किसानों ने जोरदार हंगामा कर दिया। किसानों द्वारा किए जाने वाले हंगामें के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला संभाल लिया, बाद में पहुंचे विधायक बाबू जंडेल को भी किसानों ने आड़े हाथों लेते हुए बोल दिया कि आपसे भी हमारी समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है, इसके बाद विधायक ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एंदल सिंह कंसाना को फोन लगाकर जिले में खाद की आपूर्ति मांग अनुसार किए जाने का अनुरोध किया जिस पर कृषि मंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि जो भी मांग जिला प्रशासन से मिलेगी श्योपुर को उस आधार पर खाद उपलब्ध कराएंगे।

किसानों को इन दिनों से यूरिया खाद की जरूरत पड़ रही है। जिस तरह किसान खाद की मांग कर रहे हैं उसके मुकाबले खाद का कोटा कम आ रहा है रविवार का अवकाश पढ़ने के कारण सोमवार को अधिक संख्या में किसान खाद लेने पहुंच गए जिससे हंगामा की स्थिति निर्मित हो गई किसानों का आरोप है कि उन्हें 10 कट्टे खाद की जरूरत थी लेकिन विभाग उन्हें सिर्फ पांच कट्टे खाद ही उपलब्ध करा रहा है जिससे उनकी खेती बाड़ी बुरी तरह प्रभावित हो जाएगी अगर अभी खेतों में यूरिया नहीं दिया गया तो फसल न सिर्फ उत्पादन कम देगी बल्कि फसल के बर्बाद होने का खतरा भी मंडरा रहा है। किसानों का आरोप है कि खाद वितरण केंद्रों पर किसानों को निर्धारित मात्रा से कम खाद मिल रहा था। सोमवार को धान मील स्थित विक्रय केंद्र पर भी किसानों को केवल 5 कट्टे खाद दिए जा रहे थे, जबकि उनकी मांग और आवश्यकता 10 कट्टों की थी। किसानों की इस परेशानी की जानकारी विधायक बाबू जंडेल तक पहुंची, जिस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लिया और इस मामले में कलेक्टर से मिलकर समस्या का निराकरण करने की मांग की वहीं उन्होंने अपने पुराने साथी कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना को फोन लगाकर खाद की कीमतों में लगाम लगाने और किसानों को मांग अनुसार खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।




### कम करें यूरिया का प्रयोग

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, धान की फसल में किसान 4 से 6 बार तक यूरिया खाद डालते हैं जो ठीक नहीं है। यूरिया सिर्फ तीन बार डालना लाभकारी है. पहली बार धान की पौध को रोपने के 21 दिन बाद यूरिया का छिड़काव किया जाता है. यह समय पौधों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान पौधे तेजी से बढ़ते हैं और उन्हें नाइट्रोजन की अधिक आवश्यकता होती है. दूसरी बार यूरिया तब डाली जाती है, जब पौधे में कान (फली) निकलने वाले होते हैं. यह समय फसल के फूलने और दाने बनने की प्रक्रिया का होता है और इस समय पर्याप्त नाइट्रोजन की जरूरत होती है. तीसरी बार यूरिया का उपयोग तब किया जाता है जब धान के दाने बनने और भरने की प्रक्रिया शुरू होती है. यह फसल की उपज को बढ़ाने में मदद करता है।

### महंगी दर पर बाजार से खरीदनी पड़ रही खाद

सहकारी समिति यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण किसानों को मजबूरी में अपनी फसलों को बचाने के लिए महंगे दर पर निजी दुकानों से खाद खरीदनी पड़ रही है। हालांकि निजी दुकानों से खाद श्योपुर और बड़ौदा में भी उपलब्ध है लेकिन अधिकतर किसान खाद राजस्थान बारां मांगरोल से लेकर आ रहे हैं किसानों की परेशानी यह है कि उन्हें महंगी खाद तो खरीदनी पड़ रही है साथ ही दूसरे प्रदेश खरीदने के लिए जाना पड़ रहा है।

### श्रीमद् भागवत कथा में मनाया नंदोत्सव,भजनों पर जमकर झूमे भक्त

श्योपुर। नगर पालिका के पीछे स्थित गुर्जर समाज के श्री मुरली मनोहर महाराज मंदिर पर चल रही संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा में सोमवार को नंदोत्सव बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कथा व्यास पं कृष्णमुरारी शास्त्री ने जैसे हीं कृष्ण जन्म की कथा सुनाना आरंभ किया तो भक्त जमकर झूम उठे। कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के गोकुल में नंद के आनंद भयों जय कन्हैया लाल की सहित अनेकों सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को आनंदित कर दिया। नंदोत्सव में भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। इस दौरान कथा पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया।कथा के दौरान फूलों की होली खेली गई और भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ नंदोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शास्त्री ने कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकालकर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है।



## खबर संक्षेप

### एसडीएम को तहसील पेंशनर्स सौंपेंगे ज्ञापन

**बीना।** स्थानीय तहसील पेंशनर्स एसडीएम को आज स्कूल शिक्षा विभाग के पेंशनर्स की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष आरके जैन ने बताया कि बार-बार निवेदन के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग के पेंशनर्स की समस्याओं का तहसील बीना के संकुल प्राचार्य और सहायक संचालक (शिक्षा) ब्लॉक निराकरण नहीं कर रहे हैं। जिनकी समस्याओं को लेकर आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

### सत्य धर्म का अर्थ केवल सच बोलना ही नहीं बल्कि सत्य का अनुभव करना

**बीना।** छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर पंचायती जैन मंदिर में पर्युषण पर्व के पांचवें दिन सुबह प्रथम वेदी मूलनायक पारसनाथ भगवान, द्वितीय वेदी मूलनायक महावीर भगवान एवं तृतीया वेदी आदिनाथ भगवान के समक्ष अभिषेक एवं शांतिधारा नित्य नियम पूजा किया गया। दोपहर में विधान एवं शाम को महाआरती संगीत की झंकार पर सभी पुरुष महिला एवं बच्चों ने श्री जी की आरती की। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसके अलावा छोटी बजरिया महिला मंडल द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गई। अभिषेक एवं शांतिधारा सांगानेर से पधारे अमन भैया के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस उपलक्ष्य पर प्रवचन देते हुए अमन भैया ने कहा कि दस लक्षण पर्व के पांचवें दिन सत्य धर्म का अर्थ केवल सच बोलना ही नहीं बल्कि सत्य का अनुभव करना और उस अनुभव को अपने व्यवहार, वाणी और भावना में लाना है। यह जीवन का स्वभाव हर प्राणी का आंतरिक गुण है जो सभी के लिए करुणा न्याय और ईमानदारी का मार्ग प्रशस्त करता है। सत्य धर्म में छल कपट, अंधभक्ति और व्यर्थ की हिंसा से दूर रहकर सभी को प्रेम और पवित्रता से देखना शामिल है। जिससे समाज में शांति सद्भाव स्थापित होता है।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर और डिजिटल मीटर के बढ़े बिलों का विरोध

# बिजली उपभोक्ता मंच के बैनर तले बदरवास के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बदरवास



बदरवास के बिजली उपभोक्ताओं ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने और डिजिटल मीटरों से आ रहे अत्यधिक बिलों के विरोध में विद्युत वितरण कंपनी के प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। बिजली उपभोक्ता मंच, बदरवास के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में नागरिकों ने अपनी समस्याओं को विस्तार से रखते हुए इन नीतियों को तत्काल रोकने की मांग की है।

ज्ञापन में बिजली उपभोक्ता मंच कीओर से प्रीति श्रीवास्तव ने बताया गया कि ₹पूरे मध्य प्रदेश में बिजली के निजीकरण और प्रीपेड स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जन-आंदोलन चल रहे हैं। गुना, इंदौर और ग्वालियर जैसे शहरों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद जिन घरों का बिल 100-200 रुपये आता था, वह हजारों और लाखों में आने लगा है। एक किसान का बिल तो 2 लाख 62 हजार तक आ गया, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश है। विशेष रूप से बदरवास की स्थिति का जिक्र किया गया है। यहाँ के अधिकांश लोग गरीब मजदूर और किसान हैं, जिनके लिए हजारों रुपये के बिजली बिल का भुगतान करना संभव नहीं है। हाल ही में लगाई गई कुछ कॉलोनियों में डिजिटल मीटरों के कारण पहले के 100-200 रुपये के बिल अब 1500-2000 रुपये तक आ रहे हैं, जिससे लोग बहुत परेशान हैं। चूंकी प्रीपेड स्मार्ट मीटर निजी कंपनियों द्वारा लगाए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में आम लोगों के अधिकारों का हनन होना तय है। फफऊ स्किम के तहत है, न की कोई क़ानून है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47 का प्रावधान है कि प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य नहीं है और कोई भी उपभोक्ता अपनी मर्जी के बिना इसे लगवाने के लिए बाध्य नहीं है।

### ज्ञापन में निम्नलिखित मांगे रखी गईं...

बदरवास में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर तुरंत रोक लगाई जाए। डिजिटल मीटरों के माध्यम से आ रहे अत्यधिक बिजली बिलों की जांच करके उन्हें ठीक किया जाए। ज्ञापन देने वालों में बिजली उपभोक्ता मंच के सदस्य और स्थानीय उपभोक्ता शामिल थे। उपभोक्ताओं ने कहा कि प्रीपेड मीटर लगाने कि कार्यवाही की गई तो आम जनता तीव्र आंदोलन को बाध्य होगी।

# एक करोड़ हनुमान चालीसा पाठ और एक लाख सुंदरकांड का होगा आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के पोहरी तहसील के अंतर्गत देवरी फाटक के सामने स्थित ग्राम पंचायत समस्तपुर में प्राचीन मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर 4 सितंबर से एक करोड़ हनुमान चालीसा का पाठ और एक लाख सुंदरकांड का आयोजन होगा। यह धार्मिक आयोजन प्राचीन बाणगंगा धाम तीर्थ क्षेत्र के महामंडलेश्वर महंत नारायणदास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण जुटेंगे। देश में सुख शांति, आने वाले संकट के निवारण और सनातन धर्म के प्रचार के उद्देश्य यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। मंदिर पर एक करोड़ हनुमान चालीसा पाठ और एक लाख सुंदरकांड, प्राचीन बाणगंगा धाम तीर्थ क्षेत्र के महामंडलेश्वर महंत नारायणदास महाराज ने बताया कि 4 सितंबर से ध्वाजा पूजन से यह आयोजन प्रारंभ होगा। जिसमें एक करोड़ हनुमान चालीसा का पाठ और एक लाख सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के लिए कम से कम 6 महीने की अवधि निर्धारित की गई है। तीर्थ क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों व समस्त धर्मप्रेमियों को इस धार्मिक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।

### ध्वजा पूजन से होगा कार्यक्रम प्रारंभ

महामंडलेश्वर महंत नारायणदास महाराज ने बताया कि 4 सितंबर को ध्वाजा पूजन से यह कार्यक्रम समस्तपुर स्थित मनसा पूर्ण हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगा। इसके बाद यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा। जब तक जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है वह पूरा नहीं हो जाता। महामंडलेश्वर महंत नारायणदास महाराज ने बताया कि इस समय पूरे विश्व के साथ- साथ भारत पर भी संकट है। इस संकट को दूर करने, समस्त प्राणियों की भलाई के उद्देश्य से यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है।

# पुलिस ने 220 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व लहान किया नष्ट



**शिवपुरी।** आबकारी पुलिस द्वारा रविवार को अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 220 लीटर एट भट्टी से बनी अवैध शराब और 3500 किलो ग्राम लहान नष्ट कराया गया है। आबकारी उप निरीक्षक विनीत कुमार द्वारा ग्राम मायापुर कंजर डेरा में दबिश दी जाकर 220 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 3500 किग्रा. लहान मौके पर नष्ट कर मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1), 34(2), 49-क के तहत छापामार कार्यवाहियों में 08 प्रकरण पंजीबद्ध कर 06 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जप्त मदिरा एवं सामग्री की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख है। आगामी दिनों में भी आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा मदिरा के अवैध बिक्री पर रोकथाम हेतु प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।

# आरके गोस्वामी हुए सेवानिवृत्त, स्टाफ ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पदस्थ मुख्य टिकट निरीक्षक आरके गोस्वामी पद से सेवानिवृत्त होने पर एनके जाटव ने मुख्य टिकट निरीक्षक सामान्य का पदभार संभाला है। गोस्वामी की सेवानिवृत्ति पर चेकिंग स्टाफ द्वारा सम्मान समारोह रखा गया। ढोल, नगाड़ों के साथ गोस्वामी का स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने अपनी कार्यशैली का अनुभव चेकिंग स्टाफ को बताया। साथ ही उन्होंने एनके जाटव को मुख्य टिकट का पदभार सौंपा और कार्यालय की चाबी सौंपी। एनके जाटव ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि गोस्वामी का मार्गदर्शन हमेशा चेकिंग स्टाफ को मिला और उन्होंने स्टाफ को साथ लेकर चलने की बात कही और स्टाफ से आशा की वह भी पुरानी टीम की तरह उनका सहयोग करेंगे। उन्होंने मीडिया, जीआरपी एवं आरपीएफ को सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि बीना की चेकिंग स्टाफ टीम की सफलता में इन सभी का सहयोग रहा है। इस मौके पर एसके शर्मा रिटायर्ड मुख्य टिकिट निरीक्षक, डीके लवानिया, अशोक ठाकुर, मंजूर अली, साबिर अली, हीरालाल अहिरवार, केके दुलगज, एमके पुरोहित, आशीष अवस्थी कामर्शियल एसएस, मधुकर निगम डीसीआई, बीडी रजक, संग्राम सिंह, शशिभूषण आदि चेकिंग स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

### गीता जीवन जीने की कला सिखाती है : नीलम दीदी



**बीना।** ब्रह्माकुमारीज़ की ओर से भानगढ़ में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिन आत्मिक स्मृति और परमात्म स्मृति पर कथा का वाचन किया गया। कथावाचक राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी ने कहा कि गीता मानवता का शास्त्र है। गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। गीता में सर्व समस्याओं का समाधान है। हमारे जीवन की अनसुलझी गांठे खोलती है। हमने स्वयं को पहचान लिया कि हम सब एक चैतन्य शक्ति आत्मा हैं और परमपिता परमात्मा की संतान हैं। इस सच्चाई को आप स्वीकार करते हुए अपने जीवन में परमात्मा के साथ को महसूस कर पाते हैं। हम सब के दो पिता होते हैं-लौकिक पिता और पारलौकिक पिता। लौकिक पिता हर जन्म में बदल जाते हैं, लेकिन परलौकिक पिता, हर जन्म एक ही है जो जन्म-मरण से न्यारा है. जिसे सदा शिव कहते हैं, जो इन आंखों से दिखाई नहीं देते हैं। उन्हें देखने के लिए पहले अपने आत्मा स्वरूप को जानना होगा।

# बुंदेली दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ बुंदेली गीत, गजल का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

अथक पथ संग्रहालय में बुंदेली दिवस की पूर्व संध्या पर बुंदेली गीत गजल एवं भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बुंदेली के जाने-माने गीतकार विष्णु पटेरिया, साहित्यकार महेश कटारे, सुगम अथक पथ संग्रहालय के संचालक राम शर्मा, प्रेम प्रकाश चौबे, ज्योति तिवारी, देवेंद्र तिवारी, उदय आचवल ने किया। इस मौके पर रामस्वरूप पाल, रितिका तिवारी, संतोष पुरोहित, हरि शर्मा, संजीव मिश्रा, सीताराम चौरसिया, महेंद्र अभागा, शशि नंदन रावत, हिम्मत सिंह, राधेश्याम जोशी, रामस्वरूप सन्मति सहित अनेकों बुंदेली के रचनाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

# विमुक्ति दिवस लोधी छात्रावास पिछोर में मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर



अखिल भारतीय लोधी विमुक्त जनजाति संघ द्वारा 31 अगस्त को विमुक्ति दिवस मनाया गया। यह आयोजन संघ के जिला अध्यक्ष दिनेश लोधी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें संगठन के प्रदेश सचिव मनीराम लोधी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नंदकिशोर लोधी को बनाया गया तथा विशिष्ट अतिथि पंजाब सिंह लोधी, शासकीय कन्या विद्यालय के प्राचार्य विजय राम लोधी, आर्मी रिटायर्ड सूबेदार हजारीलाल लोधी आदि समाज के लोग उपस्थित रहे। मनीराम लोधी ने बताया कि 31 अगस्त का दिन भारत के इतिहास में एक विशेष महत्व रखता है। यह दिन 'विमुक्ति दिवस' के रूप में उन स्वतंत्रता सेनानियों की याद में मनाया जाता है। जिन्हें आजादी के पाँच साल बाद, 31 अगस्त 1952 को भारतीय जेलों से मुक्त किया गया था।

इनमें वीर लोधी जाति के साथ-साथ कई अन्य जातियों के योद्धा भी शामिल थे, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जमकर लोहा लिया था। इस दिन को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों ने हर साल मनाने का आदेश दिया है, जो इस दिवस की ऐतिहासिक महत्ता को दर्शाता है। आजादी की लड़ाई के दौरान, अंग्रेजों ने कुछ जातियों को 'अपराधी' घोषित कर दिया था, जिनमें लोधी जैसी अनेक वीर जातियां शामिल थीं। इन जातियों के लोगों ने न केवल आजादी के लिए संघर्ष किया, बल्कि 1857 के पहले स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1947 तक लगातार अंग्रेजों की नाक में दम किया। यही कारण था कि ब्रिटिश सरकार ने इन्हें 'आपराधिक जनजाति' की श्रेणी में डाल दिया। आजादी मिलने के बाद, भारत सरकार ने इन जातियों के बलिदान और योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें इस श्रेणी से बाहर निकाला। 31 अगस्त 1952 को इन्हें कानूनी रूप से 'विमुक्त' घोषित किया गया, यानी 'अपराधी' का तमगा हटाकर इन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल किया गया। अखिल भारतीय लोधी विमुक्त जनजाति संघ इस दिन को केवल एक याद के रूप में ही नहीं, बल्कि एक नए संघर्ष की शुरुआत के रूप में भी देखता है। संघ का उद्देश्य उन सभी जातियों को 'विमुक्त जनजाति' का दर्जा दिलाना है। जिनके पूर्वजों ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। संघ का मानना है कि अब लोधी समाज पर्याप्त रूप से शिक्षित और सक्षम हो चुका है ताकि वह अपने इस अधिकार की लड़ाई लड़ सके। इस संबंध में, इदाते आयोग की रिपोर्ट भी लोधी जाति को विमुक्त जनजाति का दर्जा देने की सिफारिश करती है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भी इस रिपोर्ट से सहमत है और राज्यों से इस पर विचार करने की अनुशंसा कर चुका है। अखिल भारतीय लोधी विमुक्त जनजाति संघ के सदस्यों का कहना है कि यह उनका पुश्तैनी दायित्व है कि वे अपने पूर्वजों के बलिदान को सम्मान दिलाएं और उनकी जाति को उनका सही स्थान मिले। इस संगठन का गठन भी इसी मूल उद्देश्य को पूरा करने के लिए किया गया है। इस विमुक्ति दिवस पर यह जरूरी है कि हम उन सभी गुमनाम नायकों को याद करें जिन्होंने देश की आजादी के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। समाज के सभी वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे जिसमें समाज के लोगों को जागरूक कैसे किया जाए इस पर मंथन भी किया गया।


## चल समारोह निकला, राधे-रानी के भजनों पर झूमे भक्तगण

# कोलारस में धूमधाम से मनाया गया राधाष्टमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

रविवार को राधा जन्म महोत्सव कोलारस नगर में भव्यता के साथ मनाया गया। इस मौके पर नगर के सदर बाजार में स्थित गोपाल मंदिर में की गई सजावट से न केवल संपूर्ण नगर आकर्षक नजर आ रहा था, बल्कि चल समारोह में सैकड़ों लोग राधा-क्रष्ण के भजनों पर झूमते हुए खुशी का इजहार करते हुए निकले। इस मौके पर जहां चल समारोह का सदर बाजार में जगह-जगह स्वागत किया गया।

कोलारस नगर में राधा जन्म महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम सुबह से ही गोपाल मंदिर एवं पंचायती मंदिर पर शुरू हो गया। जिसमें राधा-क्रष्ण को दुध व दही से स्नान कराया गया। इसके बाद दुधिकांता महोत्सव में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। दिनभर गोपाल जी मंदिर व पंचायती मंदिर पर विभिन्न धार्मिक भजन व कीर्तन हुए तथा शाम को सदर बाजार में चल समारोह निकाला गया, जो गोपाल जी मंदिर से प्रारंभ हुआ। इस दौरान मार्ग में जगह-जगह चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर चल समारोह में कोलारस क्षेत्र से आए सैकडों श्रद्वालु राधे-राधे की धुन पर जमकर थिरके। चाव समिति के प्रवक्ता जगदीश भट्ट रिंकू ने भगवान के चल समारोह का भव्य स्वागत किया तथा भगवान की आरती की गई। नगर के विभिन्न समाजसेवियों द्वारा श्रद्वालुओं का स्वागत किया गया।



### नगर की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई

रविवार को राधाष्टमी के अवसर पर मिनी वृंदावन के नाम से विख्यात कोलारस नगरी के प्राचीन गोपाल जी व पंसारी मंदिर में भव्य साज सज्जा की गई। प्रातः होते ही सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने राधा गोपाल जी के दर्शन किए और नगर की गलियों में प्रभातफेरी निकाली गई। इस प्रभातफेरी पर अपनी अपनी छतों पर खड़े भक्तजनों ने जमकर दुध दही की वर्षा की। इस दौरान संपूर्ण कोलारस नगरी राधे राधे नाम से गुंजायमान हो उठी। राधा चाव समिति के अध्यक्ष छोटू चोबे, उपाध्यक्ष अनिल जैन बिजरौनी, संयोजक विपिन खेमरिया, प्रवक्ता जगदीश भट्ट, दीपक चौबे, प्रदीप गौड़, नीरज खेमरिया, विनोद तिवारी सहित सैकड़ों सदस्य शाम को निकलने वाले चल समारोह की तैयारी में लग गए। जुलूस जैसे ही गोपाल मंदिर से कोलारस नगर के प्रमुख मार्गों पर निकला तो नगर वासियों द्वारा जगह जगह उक्त चल समारोह का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और समाज सेवियों ने बाहर से आने वाले भक्तों की खाने पीने और प्रसाद की संपूर्ण व्यवस्था की। भव्य तरीके से मना राधा जन्मोत्सवः राधाष्टमी के अवसर पर नगर की साज-सज्जा करने वाले, बैंड शहनाई, कलाकारों और गायकों को गुना, शिवपुरी व ग्वालियर आदि शहरों से बुलाया गया। जनप्रतिनिधियों और नगर वासियों द्वारा जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

# कर्मचारियों ने निकाली फिट इंडिया के तहत साइकिल रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

फिट इंडिया के परिपेक्ष में सभी स्टाफ को स्वस्थ्य एवं फिट रहने के उपलक्ष्य में डाकघर के कर्मचारियों द्वारा साइकिल रैली का आयोजन प्रधान डाक घर शिवपुरी कैंपस से नवीन शिवपुरी डाक संभाग के अधीक्षक डाकघर एसएस भीलवार के नेतृत्व में किया गया। उक्त रैली में सहायक अधीक्षक डाकघर शिवपुरी मनोज चौधरी एवं पोस्टमास्टर विशाल कपूर तथा उपडाकपाल बीएस कुशवाह एवं डाकघर के समस्त डाक सहायक एवं संभागीय कार्यालय के स्टाफ अनंत गोपाल यादव, अंकित सिंघल, पोस्टमैन कर्मचारी आदि ने भाग लिया। रैली प्रधान डाकघर शिवपुरी से शुरू होकर जिला हॉस्पिटल रोड होते हुए पोलोग्राम मैदान एवं कलेक्ट्रेट रोड के मार्ग से वापस आकर प्रधान डाकघर में आकर समाप्त हुई। रैली में आम नागरिकों को भी स्वस्थ रहने का संदेश भी दिया गया।